## सार-समाचार

### अशोक पाठक का सम्मान किया स्वागत

**करौली, (निसं)।** मुरली मनोहर मंदिर में मंदिर ट्रस्ट एवं मासलपुर क्षेत्र के सर्व समाज के लोगों की ओर से बुधवार को भाजपा नेता अशोक पाठक का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता अशोक पाठक को 51 फुट का भगवा साफा बांध कर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान पाठक को गदा एवं भगवान मदनमोहन जी की तस्वीर भेंट की गई। मातृशक्ति की ओर से श्रीमती लक्ष्मी मित्तल ने तलवार भेंट की। इससे पहले पाठक को गुन्नीवाली हवेली के तिराहे से बैंड-बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। भाजपा कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लिए हुए थे।इस दौरान रास्ते में जगह-जगह भाजपा नेता का माला पहनाकर कर स्वागत किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए पाठक ने कहा कि हम दो अप्रैल को करौली में हुए दंगे को नहीं भूल सकते जिसमें हिंन्दु संगठनों द्वारा निकाली जा रही यात्रा पर एक समुदाय के लोगों ने सुनियोजित तरीके से पथराव कर हमला किया गया था। प्रायोजित दंगे में शांति पूर्ण तरीके से यात्रा निकाल रहे हिन्दू भाइयों के सिर फूट गये तथा वाहनों को जला दिया गया। लेकिन तत्कालीन सरकार ने पथराव करने वालों आरोपी नहीं बनाकर जिन हिंदुओं के सिर फूटे ,जिनके वाहन जला दिए गए,उन्हें ही आरोपी बना दिया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करौली में आम सभा में कहा था कि दो अप्रैल की घटना को भूल सकते हैं क्या।पाठक ने कहा कि सरकार बदल गई। विधायक भी भाजपा का है अब तो चेयरमैन भी भाजपा का है।लेकिन अभी तक दंगाइयों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिससे हिंदु समाज में रोष है। पाठक ने सवाल पूछते हुए कहा कि दंगाइयों को कौन बचा रहा है।इसके लिए भाजपा के हमारे जनप्रतिनिधियों ने क्यों नहीं मांग की। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि दंगे की न्यायिक जांच करा कर दोषियों को सजा दिलाई जाए। तथा निर्दोष लोगों पर लगाए मुकदमों को वापस लेकर उन्हें मुआवजा दिया जाए। अन्यथा करौली में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पूर्व विधायक सुरेश मीणा ने कहा कि करौली में भृष्टाचार चरम सीमा पर है गरीबों की जमीन हथियाई जा रही हैं।भाजपा नेता गोपेश अतेवा ने अंबेडकर पार्क करोली में तत्कालीन सभापति रशीदा खातून द्वारा भगवान भोले नाथ के मंदिर को फर्जी पट्टा बनाकर तोड़कर होटल बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जांच में करोली एसडीएम,तहसीलदार,जिला कलेक्टर व उच्च न्यायालय ने पट्टा को फर्जी मना है।

### रूपवास-खानुआ मार्ग पर जलभराव

**रूपवास, (निसं)।** चंदनपुरा चांदोली से खानुआ के बीच भारी जलभराव के चलते पिछले आठ दिनों से ग्रामीणों का संपर्क पूरी तरह कट गया है। इस कारण करीब 50 से अधिक स्कूली बच्चे पढ़ाई से वंचित हैं, जबकि सैकड़ों ग्रामीण बाजार व अन्य कामों के लिए भी नहीं जा पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार 10-15 दिनों से हो रही बारिश और पांचना बारैठा बांध से पानी की बढ़ी आवक के कारण यह स्थिति बनी है। जलभराव से लोग घरों में कैद हो गए हैं, वहीं सैकड़ों बीघा में खड़ी फसलें नष्ट हो गईं। 'हरियालो राजस्थान'' योजना के तहत लगाए गए पौधे भी पानी में बह गए हैं। ग्रामीण राजू पहलवान ने बताया कि इस मार्ग पर पुलिया बनाने की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन विभागीय अधिकारी गर्मी-सर्दी में ध्यान नहीं देते और बरसात में केवल आश्वासन देकर टाल देते हैं। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को पानी में होकर नहीं निकलने की सलाह दी है, ताकि किसी हादसे से बचा जा सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से फिलहाल नाव या स्ट्रीमर चलाने तथा बारिश के बाद स्थायी समाधान के रूप में पुलिया और ऊंची सड़क बनाने की मांग की है।

### अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** सदर थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करते हुए एक जाने को अवैध देशी शराब के 63 पदों सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चन्द्र विश्नोई आईपीएस भरतपुर रेंज भरतपुर एवं जिला पुलिस अधीक्षक करौली लोकेश सोनवाल के निर्देशन में अवैध देशी शराब के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है जिसका सुपरविजन जिला स्तर पर गुमनाराम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करौली, सत्येन्द्र पाल सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिण्डौनसिटी एवं वृत्त स्तर पर गिरधरसिंह आरपीएस, वृत्ताधिकारी वृत्त हिण्डौनसिटी के द्वरा किया जा रहा है। वांछित मुल्जिमानों की धरपकड अभियान के तहत थाना सदर हिण्डौनसिटी से थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार उप निरीक्षक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा निम्न कार्यवाही की गई। थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार शर्मा उनि द्वारा रजनलाल सउनि के नेतृत्व में टीम गठित कर अवैध देशी शराब के विरुद्ध कार्यवाही हेतु रवाना किया गया गठित टीम द्वारा वमनपुर मोड से अभियुक्त जसमत पुत्र गारमल उम्र 35 साल जाति जाट निवासी खरेटा थाना सदर हिण्डौन जिला करौली के कब्जे से अवैध देशी शराब के 63 पच्चों को जब्त कर अभियुक्त जसमत को गिरफतार कर एक्साईज एक्ट में पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया मुलजिम से अवैध देशी शराब खरीदने के सम्बन्ध में अनुसंधान जारी है।

### शनिदेव की मूर्ति को किया खंडित

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर जिले के नदबई थाना इलाके में कुछ असामाजिक तत्वों ने शनिदेव भगवान की मूर्ति को खंडित कर दिया। जैसे ही ग्रामीणों को इसका पता लगा तो, वह मंदिर पर इकट्ठे हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष का माहौल है।घटना लुलहारा गांव की है। गांव के रहने वाले सुशील और ओमवीर ने बताया कि घटना कल देर शाम की है। देर शाम करीब 8 बजे वह दोनों खेत में पशुओं का चारा लेने के लिए गए थे। गांव की पोखर के पास एक शनिदेव का मंदिर है। इस दौरान वह मंदिर में शनिदेव भगवान के दर्शन के लिए चले गए। वहां पर उन्होंने देखा तो, शनिदेव भगवान की मूर्ति टूटी हुई है। जिसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। रात ज्यादा होने के कारण ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना नहीं दी। आज सुबह फिर से ग्रामीण मंदिर पर इकट्ठे हो गए। जिसके बाद उन्होंने नदबई पुलिस को घटना के बारे में बताया। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया है। भगवान शनिदेव की मूर्ति खंडित करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए।

# 'जलभराव क्षेत्रों में पानी निकासी के रिजल्ट धरातल पर दिखाई दें'

- भरतपुर जिला कलक्टर ने लगातार पांच घंटे निरीक्षण कर जल निकासी का लिया जायजा
- नालों की होगी सफाई, हटेंगे अतिक्रमण, कैनाल सिस्टम तक प्रवाह होगा सुचारू

**भरतपुर, (निसं)।** जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बुधवार को शहर में जलभराव क्षेत्रों, नालों एवं ड्रेनेज सिस्टम का बीडीए एवं नगर निगम की टीम के साथ लगातार पांच घंटे तक निरीक्षण कर पानी निकासी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि नालों व डेनेज सिस्टम के बहाव क्षेत्र में अवरोधक कचरा एवं अस्थाई अतिक्रमणों को हटाकर मोतीझील, होम कैनाल, गिर्राज कैनाल व अजान कैनाल तक पानी निकासी के रिजल्ट सामने आने चाहिये।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पानी लिफ्ट के लिये पम्प कम से कम लगाने पडें, नालों की सफाई, अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने एवं रास्तों में बडे पाईप लगाकर पानी का प्रवाह निर्बाध जारी रखने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी रिजल्टबेस कार्य करते हुये बार-बार आने वाली समस्या का स्थाई निराकरण लक्ष्य रखते हुये टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने सेवर रोड पर गांधीनगर, गणेशनगर, जसवंत नगर, अनाह में स्थित जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण कर निगम व बीडीए द्वारा लगाये पम्पसेटों का जायजा लिया। उन्होंने आवासीय क्षेत्रों से पानी को लिफ्ट कर नालों डालने के दौरान नालों के बहाव क्षमता एवं अवरोधकों का जायजा लिया। उन्होंने बीडीए द्वारा पानी निकासी के लिये अस्थाई खोदी गई नाली में अनियमितता पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित अभियंताओं को चार्जशीट देने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने हीरादास पर रोड के दोनों ओर बने नालों एवं रोड के भूमिगत नालों में पानी के बहाव को सुचारू करने के लिये फेरोकवर हटवाकर सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने हीरादास से अनाह गेट तक भूमिगत नाले को जगह-जगह खुलवाकर पानी निकासी की गति का निरीक्षण कर निगम को सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने गोलपुरा रोड से बाईपास तक पानी निकासी के लिये खोदी गई अस्थाई ड्रेन में रास्तों के लिये लगाये गये पाईपों को बडे आकार का लगाने तथा आवासीय क्षेत्रों से भी पानी लिफ्ट करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने बाईपास पर रियासतकालीन कैनाल सिस्टम का कऊआ का नगला तक निरीक्षण किया जहां से एमईएस रैस्टहाउस के पीछे होकर कंजोली पुलिया होकर मोतीझील में पानी के बहाव क्षेत्र का निरीक्षण कर जगह-जगह अवरोधकों को हटवाने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने कहा कि पानी निकासी के लिये यदि कैनालों में अवरोधक हट जायेंगे तो पीछे का पानी स्वत: ही फ्लो के साथ अजान कैनाल, होम कैनाल, मोतीझील, गिर्राज कैनाल के माध्यम से शहर के बाहरी क्षेत्र में चला जायेगा। उन्होंने बीडीए की सैक्टर 14, रघुनाथपुरी, अनाज मण्डी, भीमा रिसोर्ट के पीछे, कुम्हेर गेट आदि क्षेत्रों की कॉलोनियों का भी निरीक्षण कर पानी निकासी के लिये लगाये गये पम्पों का जायजा लिया। उन्होंने अजान कैनाल रैगुलेटर स्थल, होम कैनाल से मोतीझील एवं गिर्राज कैनाल से रैगुलेटर स्थल का निरीक्षण कर जल संसाधन विभाग को रैगुलेशन स्थलों पर सफाई कराकर पानी के बाहव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आवासीय क्षेत्रों में नागरिकों से रूबरू होकर फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर आयुक्त बीडीए कनिष्क कटारिया, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, नगर निगम के सचिव विजय प्रताप सहित बीडीए व नगर निगम के सभी अभियंताओं की टीम उपस्थित रही।

बीडीए आईसीएआर से चामड तक एलएचएस नाले को चौड़ा कर पदम विहार, गणेश नगर आदि से सीधे पानी की निकासी करें। महत्वपूर्ण स्थानों पर निवासियों के लिए बने रास्ते के नीचे पानी का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित करने के लिये बड़े पाइप रखें। राधा नगर के पास कच्ची नाली को ठीक करेगा, जहाँ छोटे पाइपों के कारण पानी का बहाव धीमा हो रहा है। अठासेन स्कूल के पीछे जलभराव वाली कृषि भूमि के लिए क्रॉस ड्रेनेज स्थापित करेगा। राधा नगर क्षेत्र से एक ट्रैक्टर पंप (तीन में से) को बगीची की ओर ले जाएगा जहाँ पानी का बहाव धीमा हो रहा है और पानी को उच्च स्तर पर पंप करेगा। बीडीए की स्कीम-14 क्षेत्र से अजान नहर में पानी पंप करेगा।

नगर निगम चामड से हीरादास तक नालियों की सफाई करवाते हुये अस्थाई अतिक्रमण हटायें। अनाह गेट के पास पानी की निकासी के लिए बस स्टैंड पर एक अतिरिक्त पंप लगाए। खादी की दुकानों के पीछे के नालों की सफाई सीएफसीडी से शुरू करके बस स्टैंड की ओर करें। बस स्टैंड के पीछे से क्रॉस ड्रेन पर टूटे हुए कवर को हटाएगा ताकि गोलमोल बगीची का पानी सीएफसीडी में निकल जाए। पदम विहार कॉलोनी के पानी को सीधे नहर में निकालने का विकल्प तलाशेगा।

बीडीए और निगम जाँच करेंगे क्या हीरादास मड पंप (नाई की दुकानों के पास) से पानी अनाह गेट के पास वाले नाले में पहुँच रहा है अथवा नहीं। जल संसाधन विभाग अजान नहर में जल स्तर को नियंत्रित करने के लिए परीक्षण के आधार पर एमईएस बंगले के पीछे आरएनएफसीडी में पानी प्रवाहित करेगा। निगम उस बिंदु के पास छोटे ब्लॉक को खोलेगा जहाँ आरएनएफसीडी लाइनिंग का काम शुरू हो गया है।

### प्रतियोगिता में राजो गुर्जर प्रथम

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** कृषि विभाग द्वारा बुचौलाई में एक दिवसीय महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 30 महिला कृषकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गंगापुरसिटी प्रधान मंजू गुर्जर ने किया। उन्होंने महिला किसानों के साथ पौधरोपण किया। कार्यक्रम में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजो गुर्जर प्रथम, ममता गुर्जर द्वितीय और सीमा गुर्जर तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। मंजू गुर्जर ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली ये गोष्ठियां खेती के भविष्य को मजबूत करेंगी। उन्होंने बताया कि खेती में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ रही है। सही जानकारी मिलने से खेती में सकारात्मक बदलाव आएगा। सहायक कृषि अधिकारी पिंटू लाल मीना ने किसानों को फॉर्म पॉन्ड, पाइपलाइन योजना और ड्रिप सिंचाई की जानकारी दी।

# विद्यार्थियों को दी साइबर अपराध की जानकारी

**करौली, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में जिले भर में साइबर अपराधों की रोकथाम व साइबर सुरक्षा के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर थानेवार पुलिस अधिकारियों ने स्कूलों, कॉलेजों व सार्वजनिक स्थानों पर छात्र - छात्राओं को साइबर अपराधों के तहत ठगी के विभिन्न माध्यमों की विवेचना करते हुए उनसे बचाव के उपाय सुझाए।इस दौरान साइबर अपराधों यथा-ओएलएक्स फ्रॉड 'यूपीआई फिशिंग 'सेक्सटॉर्सन', डिजिटल अरेस्ट' डीप फेक 'डार्क वेब' सोशल मीडिया क्राइम' फोन कॉल से ठगी' स्टॉक मार्केट द्वारा ठगी' क्रिप्टो करेंसी द्वारा ठगी' एवं 'बैंकिंग फ्रॉड' के साथ-साथ 'इंटरनेट ब्लैकमेलिंग' ऑनलाइन गेमिंग'ई जुआ' एफबी, इंस्टाग्राम पर टू स्टेप वेरीफिकेशन' और टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन' के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए साइबर जागरूक बनने पर जोर दिया। साइबर अपराधों से सुरक्षा के लिए इंटरनेट का उपयोग करते समय मजबूत पासवर्ड का उपयोग करेंपासवर्ड लंबा और जटिल हो अक्षर, संख्या, विशेष चिन्ह हर साइट/ऐप के लिए अलग पासवर्ड रखें।समय-समय पर पासवर्ड बदलते रहें। .टू-फैक्टर अर्थेंटिकेशन टू एफए का इस्तेमाल करेंलॉगिन करते समय ओटीपी या ऐप आधारित पुष्टि ज़रूर जोड़ें।यह आपके अकाउंट को डबल सुरक्षा देता है। फिशिंग से सावधान रहेंअनजान ईमेल, लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक न करेंईमेल भेजने वाले की जांच करें।बैंक या निजी जानकारी कभी ईमेल पर न दें।एंटीवायरस और फ़ायरवॉल का इस्तेमाल करेंडिवाइस को वायरस, मालवेयर आदि से बचाने के लिएनियमित रूप से सॉफ़्टवेयर अपडेट करते रहें। ऐप्स और सॉफ्टवेयर आधिकारिक स्त्रोतों से डाउनलोड करेंगूगल प्ले स्टोर / ऐप स्टोर या आधिकारिक वेबसाइट से ही डाउनलोड करें।थर्ड पार्टी ऐप्स में वायरस होने की संभावना ज़्यादा होती है।

सार्वजनिक वाईफाई से सतर्क रहें पब्लिक वाईफाई नेटवर्क पर बैंकिंग या निजी जानकारी साझा न करें।वीपीएन का उपयोग करें।सोशल मीडिया पर सीमित जानकारी साझा करें जन्मतिथि, पता,ओटीपी, मोबाइल नंबर जैसी जानकारी पब्लिक न रखें।

# कावड़ यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** बुधवार को श्री शिव भक्त मंडल के तत्वाधान में श्रावण मास की प्रदोष पर तीसरी कावड यात्रा निकाली गई। डीजे और बैंड बाजे के साथ धूमधाम से निकली इस यात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ।

वहीं कांवडियों की ओर से भगवान शिव के जयकारे और भजनों से माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। सभी लोग शिव की भक्ति में लीन दिखाई दिए। यात्रा के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कडे इंतजाम किए गए और पूरी यात्रा में पुलिस अधिकारी और जवान तैनात दिखाई दिए। श्री शिव भक्त मंडल के नेतृत्व में सभी शिव भक्त पहले पंचायत समिति में एकत्रित हुए और यहां से वाहनों से गंगापुर सिटी से 7 किलोमीटर दूर अरावली पहाडियों की तलहटी स्थित धुंधेश्वरधाम पहुंचे। यहां पर पंडित विष्णु शास्त्री के द्वारा धुंधेश्वरधाम स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर पर सभापति शिवरत्न अग्रवाल के सानिध्य में मंत्र उच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना करवाई गई। जिसमें सभी शिव भक्तों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पूजा अर्चना के बाद डीजे के साथ में कांवड यात्रा शुरू हुई। कांवड यात्रा में सैकडों की संख्या में शिव भक्त कांवड लिए और भगवान शिव के जयकारे लगाते और भजनों पर नाचते गाते हुए रवाना हुए। कांवड यात्रा में भूत प्रेतों की टोली भी भजनों पर नाचते गाते हुए चल रही थी। कांवड यात्रा धुंधेश्वर धाम से होते हुए उघाडमल बालाजी, मिर्जापुर, ईदगाह से खंडेलवाल धर्मशाला पहुंची।

### रात्रि चौपाल कार्यक्रम जारी

**करौली, (निसं)।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने अगस्त 2025 के लिये रात्रि चौपाल कार्यक्रम जारी किया।

उन्होंने बताया कि 12 अगस्त मंगलवार को सांय 6:30 बजे से मासलपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गुबरेडा,19 अगस्त मंगलवार को सांय 6:30 बजे से टोडाभीम पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नांगल शेरपुर, 21 अगस्त गुरूवार को सांय 6:30 बजे से मण्डरायल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गढी का गांव, 27 अगस्त बुधवार को सांय 6.30 बजे से हिण्डौन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रेवई में रात्रि चौपाल आयोजित कर जन समस्याऐं सुनी जायेंगी।

## सार-समाचार

### स्वास्थ्य परामर्श शिविर लगाया

**भरतपुर, (निसं)।** स्वास्थ्य ही धन है, अन्य सब व्यर्थ है। तन स्वस्थ है तो मन भी स्वस्थ है। जीवन में यदि कुछ है तो वह है अच्छा स्वास्थ्य। इन सभी विचारों को लेकर लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर एवं गीतांजलि हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर लगाया गया। यह शिविर बीनारायण गेट के निकट अपनाघर में आयोजित किया गया।इस शिविर में सैकड़ो लोगों ने अपनी निशुल्क जाँच करवाकर चिकित्सकों से स्वास्थ्य परामर्श लिया। कोहिनूर के क्लब अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.अशोक कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सही स्वास्थ्य, जीवन को गतिशील रखता है।हम स्वस्थ हैं तो सब कुछ अच्छा लगता है नहीं तो जीवन नीरस बन जाता है।इस शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गुरमीत सिंह एवं जनरल फिजिशियन डॉ.हर्षित शर्मा ने अपनी विशेष सेवाएँ देकर लाभार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। शिविर में गीतांजलि हॉस्पिटल,जयपुर से आये नर्सिंग स्टाफ लवकुश एवं मनोज ने उपकरणों के माध्यम से डायबिटीज एवं ब्लडप्रेशर की जाँचकर उचित परामर्श दिया।इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण फौजदार ने बताया कि अगला मेडिकल शिविर ग्रामीण क्षेत्र में जल्द ही लगाया जायेगा। मेडिकल शिविर का शुभारंभ भारतमाता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ आर सी लायन विनोद गर्ग,जेड सी मंजू गुप्ता एवं अपना घर के राष्ट्रीय महासचिव लायन विनोद सिंघल के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। इस शिविर में प्रमुख रूप से कोहिनूर के संस्थापक अध्यक्ष लायन रमेश चंद्र सिंघल,लायन रामकुमार गुप्ता, लायन राजेन्द्र शर्मा, लायन राकेश गुप्ता,लायन प्रवीण फौजदार,लायन प्रेमपाल सिंह, लायन संजय खण्डेलवाल, लायन प्रोफेसर डॉ.मगन प्रसाद,मोहन मंगलानी,मनोज फौजदार, प्रमोद शर्मा,कमल कपूर,कोमल सिंह, बी.एम.गुप्ता, सुरेश सुनार, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रमोद खण्डेलवाल, शेखर खण्डेलवाल, श्रीमती नीतू गर्ग,श्रीमती कुसुम सिंह,श्रीमती शारदा सोनी आदि लायन साथियों ने शिविर का लाभ लेते हुए सहयोग प्रदान किया

### शिविर में 211 छात्राओं की हुई जांच

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** भारत विकास परिषद द्वारा मंगलवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 211 छात्राओं और शिक्षकों की हीमोग्लोबिन जांच की गई। शिविर का शुभारंभ संतोष गुप्ता, प्रिंसिपल राजेंद्री मीना, प्रांत प्रकल्प प्रभारी शौभा दीक्षित, प्रमोद बोहरा और शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र खारवाल ने किया। शाखा सचिव रामदयाल मीना के अनुसार बीसीएमएचओ गंगापुर सिटी के पीएसी मेडिकल स्टाफ के सहयोग से कक्षा 6 से 12 तक की कुल 211 छात्राओं की एनीमिया जांच की गई। जिन छात्राओं में खून की कमी पाई गई, उन्हें इसके बारे में जानकारी दी गई। स्कूल स्टाफ, प्रधानाचार्य और परिषद की महिला सदस्यों की भी जांच की गई। सीएचओ प्रेमराज नागर ने छात्राओं को खून की कमी के कारण बताए और खून बढाने के लिए पत्तेदार सब्जियां और फल खाने की सलाह दी। महिला गतिविधि संयोजक निर्मला खारवाल ने मैगी, चाउमीन, पिज्जा, बर्गर और मोमोज जैसे मैदा से बने खाद्य पदार्थों का सेवन कम करने का सुझाव दिया। संतोष गुप्ता ने एनीमिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम में संयोजक मंडल से पुष्पा आर्य, पूजा गुप्ता, ममता डांस, प्रियंका सोनी, पुष्पा मीना, ज्योति आर्य, ऊषा डांस, कुशला खुटेटा, संस्कार गोविंद दीक्षित, लक्ष्मी कुमार अग्रवाल, मदनमोहन आर्य, अश्वनी गुलाटी, लक्ष्मी नारायण, मुजामिल पीटीआई और विधावती मीना उपस्थित रहे। प्रिंसिपल राजेंद्री मीना ने परिषद और चिकित्सा स्टाफ का स्वागत किया। भारत विकास परिषद द्वारा पूर्व में भी बालिकाओं के लिए ऐसे जांच शिविर लगाए गए हैं और संस्था विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय है।

### कार्यक्रम को लेकर दो पक्ष आमने सामने

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर में राजस्थान जूडो संघ के पदाधिकारियों की हाल में हुई प्रदेष स्तरीय बैठक के बाद दो संघठन अपने जूडो संघ को असली बता रहे हैं जिसको लेकर एडीएम प्रशासन को खेल मंत्री के नाम ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग कर रहे है। एक पक्ष के जूडो संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सांतरुक के नेतृत्व में एडीएम प्रशासन को खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ के नाम ज्ञापन सौंपकर कुछ लोगों पर उनके संगठन का भ्रामक प्रचार करने की शिकायत दी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सांतरुक ने बताया कि कुछ लोग उनके संगठन का बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। भ्रामक प्रचार कर रहे है संघ को गलत बता रहे है। जबकि उन लोगों के द्वारा पूर्व में राजस्थान राज्य जूडो संगठन को चलाया गया उसकी मान्यता ओलंपिक संघ ने खत्म कर दी है। इससे पहले दूसरे पक्ष ने जिला जूडो संघ के अध्यक्ष गौरव सिंह के नेतृत्व में खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के नाम से भरतपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान में शुरू से राजस्थान राज्य जूडो संघ के नाम से जूडो संघ काम कर रहा है जिसके महासचिव महिपाल ठोवाल हैं और उनके सानिध्य में भरतपुर जिले के ही नहीं अपितु संपूर्ण प्रदेश के जूडो खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मेडल जीत कर विदेशों में तिरंगा फहरा रहे हैं। भरतपुर में पिछले कुछ दिनों से राजस्थान राज्य जूडो संघ से मिलता-जुलता नाम राजस्थान जूडो संघ रख कर खिलाड़ियों को भ्रमित किया जा रहा है और राजस्थान राज्य जूडो संघ की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला जूडो संघ की कार्यकारिणी सदस्यों के साथ समस्त जूडो खिलाड़ी, कोच और खिलाड़ियों के अभिभावक के साथ जिला कलेक्टर को खेलमंत्री के नाम से ज्ञापन दिया गया और मांग की गई कि ऐसे फर्जी खेल संगठनों पर जल्दी से जल्दी कार्यवाही करके खिलाड़ियों को भ्रमित होने से रोका जा सके।

### विधिक सहायता क्लिनिक का उद्घाटन

**करौली, (निसं)।** नालसा वीर परिवार सहायता योजना के तहत विधिक सहायता क्लिनिक का किया उद्घाटन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली ने 26 अगस्त की एक नवीन योजना नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 का प्रमोचन किया है। इस योजना का उद्देश्य रक्षा मंत्रालय के भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के अन्तर्गत आने वाले केन्द्रीय सैनिक बोर्ड, राज्य सैनिक बोर्ड,जिला सैनिक बोर्ड से समन्वय स्थापित कर समर्पित विधिक सेवा क्लिनिक के माध्यम से रक्षाकर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों को निशुल्क और सक्षम विधिक सेवा प्रदान करना है उक्त योजना के तहत जिला सैनिक कार्यालय गद्का की चौकी करौली पर इस कार्यालय द्वारा विधिक सहायता क्लिनिक की स्थापना की गयी है। उक्त क्लीनिक का उद्घाटन श्रीमती ममता चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली द्वारा किया गया। उदघाटन के दौरान कर्नल नलिन चौहान सेनि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी करौली एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक्सपायरी व सड़ा-गला खाद्य पदार्थ कराया नष्ट

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जैमिनी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी नितेश गौतम के नेतृत्व में बुधवार को आलनपुर व रणथम्भौर रोड पर कई खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कार्यवाही की गई। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधी नियंत्रण के निर्देशानुसार आगामी रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम ने बुधवार को एक दर्जन से अधिक दूकानों पर कार्यवाही की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जैमिनी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी नितेश गौतम के नेतृत्व में बुधवार को आलनपुर व रणथम्भौर रोड पर कई खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभाग की टीम ने श्री कृष्णा रेस्टोरेन्ट आलनपुर पहुंची वहां देखा गया कि बनी हुई ईमरतियों में रंग की अधिकता पाई गयी व एक कार्टून में रखी फूट बेवरेज माजा 1.75 लीटर की 9 बोतलें एक्सपाईरी डेट की मिली। मौके पर ही 10 किलोग्राम ईमरती, एक्सपाईरी डेट की फूट बेवरेज माजा 15.75 लीटर व 1 लीटर हरी चटनी नष्ट करायी। तथा यूज्ड ऑयल व मावा बर्फी का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत लिया गया। इसके बाद टीम मंडी रोड स्थित श्री श्याम बेकरी पर पहुंची जहां से पेस्ट्री व पेटीज के नमूने लिये गये इसके पश्चात् टीम रणथम्भौर सर्किल स्थित घनश्याम जिंदल के गोदाम पर पहुंची जहां करीब 5000 पैकेट एक्सपाईरी डेट के कूरकूरे मिले जिन्हे मौके पर ही नष्ट करवाया गया तथा खाद्य कारोबारकर्ता को हिदायत दी गयी।

इसके पश्चात टीम रणथम्भौर सर्किल स्थित बैन पिजा रेस्टोरेन्ट पहुंची जहा निरीक्षण करने पर पाया गया कि रसोई घर में जाले लगे हुए थे तथा गंदगी फैली हुई थी व फूड हैँडलर्स के मेडीकल सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं थे तथा पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट भी मौके पर मौजूद नहीं था व फूड लाईसेंस सही स्थान पर डिसप्ले नहीं किया हुआ था इस सभी कमियों को देखते हुए धारा 32 के तहत इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया तथा यूज्ड ऑयल व पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया।

इसके बाद टीम रणथम्भौर रोड स्थित चूल्हा रेस्टोरेंट पर पहुंची जहां पर रसोई घर के निरीक्षण के दौरान हाईजेनिक कंडिशन सही नहीं पायी गयी जगह-जगह जाले लगे हुए थे खाद्य पदार्थ व मसाले खुले में रखे हुए थे तथा फूड हैँडलर्स का मेडिकल, पानी की जांच रिपोर्ट व पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं था तथा खाद्य अनुज्ञापत्र डिस्पले नहीं किया हुआ था इसलिए धारा 32 के तहत इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया

# सुरक्षा के बेहतर प्रबंध, नामांकन व परिणाम पर दिया जोर

- जिला निष्पादन समिति की बैठक जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** जिला निष्पादन समिति की बैठक जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विद्यार्थियों के बेहतर प्रबंध और नामांकन लक्ष्यों की प्राप्ति सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रवेशोत्सव-2025 के तहत कक्षा 1 से 12वीं तक के नामांकन लक्ष्यों को निर्धारित कर उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही 'शाला दर्पण' पोर्टल पर नामांकन रिपोर्ट समय पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने बोर्ड परीक्षा-2025 के परिणामों की समीक्षा करते हुए कम परिणाम वाले राजकीय विद्यालयों में सुधार के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने, शिक्षकों से फीडबैक लेने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव है वहां ई-कक्षा का संचालन किया जाए ताकि कोई भी विद्यार्थी शिक्षकों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे।

उन्होंने 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत पौधारोपण कर विद्यालय परिसरों का सौन्दर्यकरण करने, मिड डे मील एवं पन्नाधाय बाल गोपाल योजना में गुणवत्तापूर्ण मिल्क पाउडर और खाद्यान्न वितरण की निगरानी के निर्देश भी दिए। उन्होंने इंदिरा महिला शक्ति फीस पुनर्भरण योजना व आरटीई अंतर्गत निजी स्कूलों में बच्चों के स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। कमेटी का गठन कर शिक्षा के अधिकार के नियमों का पालन नहीं करने वाले विद्यालयों के विरूद्ध मान्यता समाप्त करने के संबंध में कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

उन्होंने इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों के नामांकन में प्रगति लाने, पीएमश्री विद्यालयों, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों, आईसीटी और स्कूल हेल्थ वेलनेस कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और एकलव्य, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिले में जर्जर भवनों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, अस्पतालों व सार्वजनिक इमारतों की पहचान के लिए गठित विशेष टीमें लगातार निरीक्षण कर रिपोर्ट दे रही हैं। सभी बीईईओ को अपने क्षेत्र में सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने और नियमित निरीक्षण करने को कहा गया। उन्होंने समस्त संस्थाप्रधानों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी जर्जर कक्ष अथवा भवन में कक्षा का संचालन नहीं करें ऐसे कक्षों को तत्काल सील करे और विद्यार्थियों को अन्य कक्ष में बैठाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि पहल के अन्तर्गत विद्यालयों की मरम्मत एवं सुविधाओं हेतु जिले के प्रवासियों एवं भामाशाहों को प्रोत्साहित कर अधिक से अधिक सहयोग प्राप्त किया जाए।

उन्होंने सीबीईओ को दिए गए निर्देशों में ड्रॉपआउट/एनएसओं बच्चों की सूची के आधार पर प्रवेश सुनिश्चित कर 15 अगस्त तक यह संख्या शून्य करने, हाउसहोल्ड सर्वे की शत-प्रतिशत प्रगति, यूको क्लब रजिस्ट्रेशन, ईएलसी गठन, इंस्पायर अवार्ड हेतु शत-प्रतिशत नामांकन, ज्ञान संकल्प पोर्टल पर दान प्रेरणा, हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान की सफलता, आईसीटी लैब और स्मार्ट रूम का अधिकतम उपयोग, और विद्यालयों में हो रहे नवाचारों का व्यापक प्रचार शामिल है।

उन्होंने कहा कि हर घर तिरंग अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार गतिविधियों का आयोजन किया जाए। सभी विद्यालयों में तिरंगा (फ्लैग कोड) किस तरह फहराये और क्या-क्या सावधानी रखे इस संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान करें।बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश मीना, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक देवीलाल मीना, एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता, जिला रसद अधिकारी रामभजन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान के कार्मिक और सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# मजदूर के खाते में इतने पैसे कि गिन नहीं सकते

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** बिहार से राजस्थान आए मजदूर के खाते में इतने रुपए आ गए कि गिनती ही नहीं हो पाई। उसके कोटक महिंद्रा बैंक खाते में 10, 01,35,60,00,00,00,00,50, 01,00,23,56,00,00,00,28, 844 रुपए ट्रांसफर हुए। मामला सामने आते ही बैंक और इनकम टैक्स विभाग ने नोटिस भेजा है।

दरअसल, बिहार के जमुई जिले के गांव अर्सर निवासी टेनी मांझी (31) इन दिनों सवाई माधोपुर के गंगापुर सिटी के डीबस्या गांव में निर्माणाधीन जिला अस्पताल में मजदूरी कर रहा है। करीब 15 दिन पहले वह बिहार से यहां आया था। मंगलवार को जब उसने मोबाइल में अपना बैंक बैलेंस चेक किया तो होश उड गए। खाते में 37 डिजिट में पैसा दिखा। इतनी रकम देखकर घबराया युवक टेनी ने बताया कि उसका खाता कोटक महिंद्रा बैंक की मुंबई ब्रांच में है। वह इसी खाते से लेन-देन करता है। पैसा करीब 7-8 दिन पहले खाते में आया था। टेनी पढा-लिखा नहीं है। उसने यह बात अपने साथी को बताई। साथी ने पैसा देखा तो बताया कि यह 1050 करोड रुपए से ज्यादा है। टेनी के खाते में पहले सिर्फ 500रुपए थे। अचानक इतनी बडी राशि देखकर वह घबरा गया। उसे समझ नहीं आया कि इतने पैसे कहां से आए। वह यह भी नहीं समझ सका कि एक रुपए के पीछे कितने शून्य होते हैं।

बैंक ने टेनी का खाता सीज कर दिया। बैंक और इनकम टैक्स विभाग ने नोटिस भेजा है। नोटिस में पूछा गया है कि यह पैसा कहां से और किस स्त्रोत से आई। आशंका है कि मामला मनी लॉन्ड्रिंग या तकनीकी गडबडी से जुडा हो सकता है। जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई है।टेनी मांझी मानसिक दबाव में है। दो वक्त की रोटी के लिए मजदूरी करने वाला यह मजदूर अब जांच के डर से परेशान है। गांव और गंगापुर सिटी में चर्चा का माहौल है। लोग हैरान है कि एक गरीब मजदूर के खाते में इतनी बडी रकम कैसे आई। फिलहाल जांच जारी है। असली वजह क्या है, इसका खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा।